

नवभारत
ग्वालियर, गुरुवार, 6 नवम्बर, 2025


# फर्जी तरीके से नौकरी करने वाले शिक्षक को किया बर्खास्त

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 5 नवम्बर।** शिवपुरी जिले में एक शिक्षक ने जाली दस्तावेज के आधार से नोकरी करने का मामला सामने आया है। जहां 14 साल से फर्जीवाड़े से नौकरी करने वाले शिक्षक की नौकरी का अंत हो गया है।

बता दें शिक्षक ने 2008 में संविदा शाला शिक्षक श्रेणी –2

### तत्कालीन एसडीएम ने मामले की जांच कर कलेक्टर को भेजा था प्रतिवेदन

की पात्रता परीक्षा पास की और बलबीर सिंह तोमर ने 13 अगस्त 2009 को जिला पंचायत श्योपुर के आदेश से श्योपुर जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टर्राकला में वर्ग 2 के शिक्षक बनकर अपनी पहली न्युक्ति ली। जिसके बाद बलबीर सिंह तोमर को टर्राकला के प्राचार्य ने बाबू के कार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे दी गई। जिम्मेदारी मिलते ही बलबीर




सिंह तोमर ने अतिथि शिक्षको का मानदेय पीटीए खाते में जमा ना करते हुए नगद दिया और जिसके बदले तीन हजार से पांच हजार रूपए काटे गए और व्हाउचर पर पूरी राशि प्राप्ति के हस्ताक्षर कराए गए, मामला यही नहीं रुका शिक्षकों की ई सेवा पुस्तिका फीडिंग करने, परिचय पत्र बनाने एवं अचल संपत्ति के फार्म भरने के बदले शिक्षकों से सो से दो सो रुपए वसूल किए,इसकी प्रकार शिक्षकों के विलियन संबंधी फार्म तैयार करने के प्रति शिक्षकों से दो दो हजार रुपए किए ओर ना देने वाले शिक्षकों के फार्म अधूरे तैयार किए जिससे कई शिक्षक संविलियन से वंचित रह गए। जिसकी शिकायत शिक्षकों और अतिथि शिक्षको द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्योपुर से की इसके बाद मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्योपुर ने आर.एस.सोलंकी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) विजयपुर को इस पूरे मामले की में जांच अधिकारी नियुक्त किया और विंदुबार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। जांच में इन सभी आरोपों में बलवीर सिंह तोमर को दोषी पाया गया। अवैध वसूली के आरोप सिद्ध होने पर 27 दिसंबर 2010 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई थीं। इसके बाद चालाकी कर शिक्षक ने मात्र 22 दिन बाद जिला बदलकर पडोसी जिला शिवपुरी में अपनी पूर्व बर्खास्तगी का उल्लेख किए बिना चालाकी पूर्वक उसी अंकसूची से 18 जनवरी 2011 को शिवपुरी जिले के पोहरी विकासखंड में फिर से नियुक्ति प्राप्त कर ली।

जिसकी खबर नवभारत समाचार पत्र में 'पहली में बर्खास्त दूसरी में बन गए सीएसी' एवं 'जिला बदलकर ली शिक्षक ने नियुक्ति' शीर्षक के नाम से समाचार प्रकाशित किया लेकिन पूर्व डीईओ समर सिंह राठौर की सांठगाठ कर शिक्षक 14 साल से अपनी नोकरी करता रहा। पत्रकार इल्यास काजी की शिकायत पर तत्कालीन एसडीएम मोतीलाल अहिरवार द्वारा की गई। जांच में यह बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ। एसडीएम ने अपने प्रतिवेदन में न केवल बर्खास्तगी की अनुशंसा की थी, बल्कि दंडात्मक कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन भेजा उस प्रतिवेदन पर शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने जांच में दोषी पाए जाने पर संकुल पोहरी के जेएसके शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सीएसी बलवीर सिंह तोमर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

**प्रशासनिक हलकों में मचा हड़कंप :** इस कार्रवाई के बाद पोहरी ही नहीं शिवपुरी जिले में शिक्षा से लेकर सभी विभागों में हड़कंप मच गया है। अब सभी विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अब विभागीय रिकार्ड्स खंगालने में जुट गए है। ताकि येसे फर्जी न्युक्तियों का पता लगाया जा सके। जिससे फर्जी तरीके से कर रहे नोकरी कर रहे शासकीय शिक्षकों पर कार्यवाही हो सके।

### एक संविदा परीक्षा पर दो नियुक्ति

मध्यप्रदेश संविदा शाला शिक्षक श्रेणी –2 पात्रता परीक्षा 2008 में रोल नंबर 422000743 पास की जिसमें 200 में से 142 अंक प्राप्त किए जिसके परिणाम की घोषणा 14 जनवरी 2009 को हुई और अंकसूची 24 फरवरी 2009 को इशू हुई। 13 अगस्त 2009 को जिला पंचायत श्योपुर के आदेश क्रमांक 2009/10810 से पहली नियुक्ति ली और अपने 16 माह के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के चलते जिला पंचायत सी ई ओ ने सेवा समाप्त कर दी। जिसके बाद उसी 2009 की संविदा पात्रता परीक्षा की अंकसूची से ही 18 जनवरी 2011 को जिला पंचायत शिवपुरी के आदेश से शा .मा .वि . भदरोनी तहसील पोहरी में सेवा देना शुरू कर दी। शिकायत पर शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने जांच में दोषी पाए जाने पर पोहरी संकुल में पदस्थ सीएसी बलवीर सिंह तोमर को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### इनका कहना है ...

विकासखंड स्तर सहित जिला पंचायत सीईओ द्वारा जांच की गई, जांच कलेक्टर के पास पहुंची, कलेक्टर ने शिक्षक बलबीर सिंह तोमर को बर्खास्त कर सेवा समाप्त कर दिया हैं उनकी जगह किसी ओर को नियुक्त किया जाएगा।

**– दफेदार सिंह सिकरबार, डीपीसी शिवपुरी**



# क्रिकेट व हैण्डबॉल में ग्वालियर सिरमौर तो योग में इंदौर रहा अव्वल

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 5 नवम्बर।** शिवपुरी को मिली 69 वी राज्य स्तरीय क्रिकेट,हैंडबॉल व योगासन प्रतियोगिता मेजबानी के क्रम में 1 नवंबर से 5 नवंबर तक आयोजित की गई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर फिजिकल कॉलेज में बुधवार को प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव ने कहा कि विभिन्न संभागों से आए खिलाड़ियों ने दमखम दिखाकर इस प्रतियोगिता में सफलता हासिल की है और भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए रास्ता तैयार किया है।मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच ये खिलाड़ी निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं क्योंकि यही बच्चे हमारे देश का भविष्य है।

मध्यप्रदेश के यही बच्चे आगे जाकर भारत के क्रिकेट हैंडबॉल टीम का हिस्सा बनेंगे ऐसी मेरी कामना है। इस दौरान हैंडबॉल बालक बालिका व बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता के तीनों फाइनल मैचों ग्वालियर संभाग ने फतह हासिल कर नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश किया वहीं योगासन प्रतियोगिता में इंदौर व जबलपुर प्रतिभागियों का दबदबा रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को मेडल और ढाल वितरित की गई।इस मौके पर डीपीआई के ऑब्जर्वर सलकांत बहादुर सिंह व संदीप शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बैमटे, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र तौमर, प्राचार्य आरपी जाटव, राजीव श्रीवास्तव, राघवेंद्र रघुवंशी, स्नेह रघुवंशी, प्रद्युम्न भार्गव, सदाशिव भार्गव, दीपक मांझी, मनोज गुप्ता, कपिल दुबे, शरद निगम, जयेश फड़नीस, शिवनाथ वैश्य, नीरज सरैया सहित अन्य खेल शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन गिरीश मिश्रा मामा व हेमलता चौधरी ने किया।

**ग्वालियर की बेटियों ने जीता क्रिकेट का खिताबी मुकाबला :** ग्राउंड प्रभारी राजीव श्रीवास्तव व अजय बाथम ने बताया 69 वे राज्य स्तरीय 19 वर्ष बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच बुधवार को सिंधिया खेल परिसर में जबलपुर व ग्वालियर की टीमों के बीच खेला गया। निर्धारित 15 ओवर के मैच में टॉस जीत कर जबलपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 67 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# ब्राह्मण समाज के दीपावली मिलन एवं अन्नकूट का हुआ आयोजन



**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 5 नवम्बर।** ब्राह्मण समाज बदरवास द्वारा बुधवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह और अन्नकूट कार्यक्रम का भव्य आयोजन भुवनेश्वरी मंदिर,गढ़ी प्रांगण में हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर नगर सहित क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाजजनों ने मिलन समारोह कार्यक्रम में सहभागिता कर अन्नकूट का आनंद लिया।

दीपावली मिलन और अन्नकूट कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण,दीप प्रज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजन अर्चन और महाआरती के साथ किया गया। भगवान परशुरामजी से विश्व शांति और कल्याण की कामना और प्रार्थना उपस्थित सभी लोगों ने की।

सामाजिक सद्भाव और एकजुटता के उद्देश्य से आयोजित अन्नकूट महोत्सव और स्नेह मिलन समारोह के तहत ब्राह्मण समाज के सभी लोगों ने बैठकर भक्ति भाव से प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट का प्रसाद वितरण भी इस अवसर पर किया गया।पूरे आयोजन में भक्ति, स्नेह और एकता का अनुपम वातावरण बना रहा।



# शिवपुरी की तपस्या धाकड़ ने रचा इतिहास

**शिवपुरी, 5 नवम्बर।** खेल के मैदान में शिवपुरी की बेटी तपस्या धाकड़ ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

ग्वालियर में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में सेंट लुईस पब्लिक स्कूल करोंदी ग्वालियर वायपास न्यू दर्पण कॉलोनी की छात्रा तपस्या धाकड़ ने हॉकी



प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। यह प्रतियोगिता 28 से 31 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित हुई, जिसमें तपस्या ने ग्वालियर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार खेल कौशल का परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल संभाग बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले का नाम गौरवान्वित किया।

# पोहरी आईटीआई परिसर में डीपीसी ने शाला प्रभारियों की ली बैठक

**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 5 नवम्बर।** पोहरी आईटीआई परिसर में गतदिवस डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार ने विकासखण्ड के समस्त शाला

### लापरवाह शिक्षकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही : डीपीसी

प्रभारियों की बैठक ली। बैठक में सभी बीएसी, सीएसी व शाला प्रभारी उपस्थित रहें।

बैठक में डीपीसी ने समस्त शाला प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चाइल्ड ट्रैकिंग पर सर्वे कार्य 7 दिवस में पूर्ण





किया जाए। गणवेश के फेल्ड खाते 7 दिवस में अपडेट किये जाए। बच?चों के नामांकन शत प्रतिशत पूर्ण किये जाए। ड्रॉप बच्चों को इम्पोर्ट कराये। दिव्यांग छात्र–छात्राओं का चिन्हांकन पूर्ण करे। उन?होंने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु शिक्षक संदर्शिका का उपयोग कर एफएलएन की वर्कवुको पर सप्ताह अनुसार कार्य करवाये।

विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु शिक्षक पालको से नियमित सम्पर्क करें एवं सम्पर्क पंजी संधारित करे। अर्धवार्षिक परीक्षा एवं ओलम्पियाड परीक्षाओ की तैयारियां करवाये। यू डाइस में टीचर, स्कूल व बच्चो की प्रोफाइल पूर्ण करें। बैठक में जिला प्रोग्रामर जुगराम प्रजापति द्वारा पोर्टल सम्बन्धी समस्त समस्याओ को हल कराया। बीआरसीसी शिवचरण लाल जाटव ने संबोधित कर सभी कार्य निश्चित समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

# घर–घर मतदाता सत्यापन का अभियान प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 5 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इमेंशन रिवाईज – एसआईआर) की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर 2015 से 4 दिसम्बर 2025 तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर–घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन (हाउस टू हाउस एन्युमिरेशन) किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पता आयु एवं अन्य विवरणी का भौतिक सत्यापन करेंगे। इसी क्रम में आज कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा भी स्थानीय बीएलओं के समझ अपने नाम के साथ–साथ परिवार के अन्य सदस्यों की मेपिंग का कार्य कराया गया। बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची से कलेक्टर श्री चौधरी के नाम का मिलान प्रिंटेड एन्यूमोशन फॉर्म से कर भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण किया गया।

कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग करें। जब बीएलओ आपके घर पहुँचे, तो सटीक एवं अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएँ। यह अभियान मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# लाल मिट्टी के खनन को लेकर किया मौका मुआयना

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा, 5 नवम्बर।** दिनारा करैरा विधानसभा के दिनारा परिक्षेत्र के अंतर्गत दिनारा सहरया कच्ची रोड पर लाल मिट्टी के उत्खनन को

### मौके पर बनाया गया पंचनामा

लेकर लगातार शिकायत के एवं प्रार्थी ऋतुराज यादव के दिए गए प्रतिवेदन की जांच करने के लिए जिला खनिज अधिकारी मय दल के मौके पर पहुंचे और लाल मिट्टी के खदानों का निरीक्षण किया निरीक्षण करने के उपरांत मौका पंचनामा लिख दिया ग्राम सहरया में अवैध मुरम उत्खनन की ग्राम सरपंच के द्वारा ग्राम की सर्वे क्रमांक 3/1 से होने के संबंध में जनसुनवाई क्रमांक 145 पर प्रार्थी ने लिखित प्रतिवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई गई थी और वह शिकायत हमारी शाखा के लिए प्राप्त हुई उक्त शिकायत के संबंध में खनिज निरीक्षक दल के साथ मौके पर उपस्थित हुए मौके पर सर्वी क्रमांक 3 बटा 1 में तीन गढ़े रोड पर निम्न अनुसार मौके पर पाए गए जिनका नियम अनुसार वर्ग फुट भी लिखा गया सरपंच



द्वारा बताया गया उक्त खनिज का उपयोग नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य हेतु पुराव हेतु किया जा रहा है लेकिन पंचायत भवन में लाल मिट्टी मुरम पुराब फुट में होना पाया गया छायाचित्र संलग्न किया गया मौका पंचनामा मौके पर पढ़ाया गया शिकायतकर्ता भी मौके पर उपस्थित पंचनामा को पढ़कर ही हस्ताक्षर किया गया

जनसुनवाई शिकायत कर्ता ऋतुराज यादव के द्वारा बताया गया खनिज निरीक्षक मौके पर पहुंचे और उन्होंने वर्ग फीट में तीन गड्ढों का शासकीय सर्वे नंबर से मुरम उत्खनन को लेकर पंचनामा बनाया गया मौके पर खनिज दल पंचायत भवन निर्माण में लाल मुरम कितनी मात्रा में लगी उसका भी वर्ग फुट में अवलोकन कर पंचनामा में लिखा गया है सर्वे नंबर 3 /1 में कितनी मात्रा में लाल मुरम उठाई गई है उसका भी वर्ग फुट में पंचनामा में लिखा गया लेकिन मैं तो फिलहाल सिर्फ इतना कहना चाहता हूं की ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य में लाल मुरम ना के बराबर उपयोग करके इस लाल मुरम को बाजार में विक्रय किया गया है। खनिज निरीक्षक दल के द्वारा बताया गया लगातार शिकायतों के चलते एवं जनसुनवाई के दिए गए ऋतुराज यादव के आवेदन पर दिनारा सहरया रोड पर लाल मिट्टी की खदानों पर मौके पर पहुंचे ग्राम पंचायत भवन निर्माण पुराब के लिए उपयोग की गई लाल मुरम का भी निरीक्षण किया गया दोनों का निरीक्षण कर पंचनामा बनाया गया मौके पर सहरया हल्का पटवारी भी साथ रहे लाल मिट्टी के उत्खनन को लेकर कार्यवाही जरूर की जाएगी।



# स्मार्ट मीटर, नशा, अश्लीलता एवं अपसंस्कृति को लेकर निकाली रैली

**नवभारत न्यूज**
**बदरवास, 5 नवम्बर।** शिवपुरी जिले के बदरवास नगर में ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन द्वारा नगर रैली निकाली गई,जिसमें महिला,छात्र – छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, रैली में मुख्य रूप से मांग की गई कि शराब नशा अश्लीलता अपसंस्कृति गंदे गाने गंदी फिल्में पोर्न साइट्स पर रोक लगाई जाए व स्मार्ट मीटर की नीति रद्द की जाए,रैली को संबोधित करते हुए आल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की राज्य सचिव श्रीमति रचना अग्रवाल ने बताया कि सरकारे पूंजीपतियों को फायदे पहुचाने के लिए एक के बाद एक जनविरोधी नियम बना रही है जिससे आम जानता परेशान है।

सरकार लगातार शराब नशा को बढ़ावा दे रही है जिसका खामियाजा आम जनता भुगत रही है, शराब के नशा का शिकार मजदूर वर्ग हो रहा है जिससे उनका जीवन नर्क बन चुका है। सरकारें भी सभी सेवा क्षेत्रों को निजी हाथों में देने की तैयारी कर चुकी है इसी के तहत बिजली का निजीकरण कर घर – घर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है जिसके चलते आम उपभोक्ता परेशान है, रैली के माध्यम से मांग की गई हैं कि बदरवास के अंदर स्मार्ट मीटर न लगाएं जाए व मध्य प्रदेश में स्मार्ट मीटर की नीति रद्द की जाए ।आल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन की गुना जिला अध्यक्षा श्रीमती संगीता आर बी जी ने भी रैली को संबोधित किया, इस दौरान नगर के वरिष्ठ नागरिक रघुवीर सिंह, गजराज जाटव ,हरिराम बौद्ध आदि मौजूद रहें। साथ ही इन्हीं मांगो को लेकर आने बाली 9 और 10 नवंबर को गुना में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।

### अवैध वसूली वही सिर्फ सिस्टम नया

# वसूली नहीं दी तो ड्राइवर की गाड़ी का कांच तोड़ा

**नवभारत न्यूज**
**दिनारा, 5 नवम्बर।** दिनारा परिवहन सिकंदरा चेकिंग पॉइंट पर शासकीय कर्मचारीयों एवं दलालों की मिली भगत से एक ट्रक ऑपरेटर का कांच तोड़ दिया गया।

कांच तोड़ने के बाद ट्रक ड्राइवर आक्रोश में आ गया और ट्रक ड्राइवरों ने मिलकर चेकिंग पॉइंट पर जाम की स्थिति निर्मित कर दी हाईवे की चेकिंग पॉइंट पर लगातार जाम की स्थिति दो–घंटे बनी रही और आम जनमानस निकलने के लिए परेशान होता रहा जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस विभाग त्वरित परिवहन चेकिंग पॉइंट पर पहुंचा और ड्राइवर को समझाया लेकिन ड्राइवर ने पुलिस प्रशासन की एक भी बात को गंभीरता से नहीं लिया मौके पर मौखिक रूप से





चिल्लाता हुआ परिवहन चेकिंग पॉइंट के आरक्षकों पर सभी ड्राइवरों ने उच्च स्वर से एक आवाज में कहा हम ?500 देते हैं और इसके बाद हमसे कहा जा रहा है कि 15 तारीख में ?1000 लेकर आना हमसे पैसा भी लेते हो और हमारा नुकसान भी कराते हो इस प्रकार कहासुनी चलती रही और जाम की स्थिति बनी रही इस गंभीरता के घटनाक्रम को लेकर भी चेकिंग पॉइंट की प्रभारी सुमन दीक्षित उस समय रोड सेफ्टी चेकिंग पॉइंट से नदारत नजर आई मामला ठंडा होते ही थोड़ी देर बाद पहुंची बह भी बिना वर्दी के अगर इसी प्रकार का घटनाक्रम लगातार ड्राइवर के साथ होता रहा तो आप वास्तविक बात मानिए एक दिन दिनारा सिकंदरा परिवहन चेकिंग पॉइंट पर बड़ा घटनाक्रम हो सकता है जबकि परिवहन विभाग की निर्देश के मुताबिक परिवहन अमले को मोबाइल यूनिट के जरिए राज्य में दाखिल होने वाले अवैध संचालित वाहनों की जांच करना है ना कि चेकिंग पॉइंट की गाड़ी में बैठकर ड्राइवरों से नगद भुगतान लेकर अवैध वसूली करना कहीं ना कहीं सरकार की छवि को धूमिल कर चेकिंग पॉइंट प्रभारी की सह पर प्राइवेट व्यक्तियों को अवैध कैश वसूली करने का बढ़ावा दिया जा रहा है

दिनारा नवभारत संवाददाता उपेंद्र तिवारी ने ट्रक ड्राइवर के कथन जानने की कोशिश की लेकिन तब तक ट्रक ड्राइवर को चेकिंग प्रभारी की कस्टडी मे लेकर मामला ठंडे बस्ते में करा दिया गया उसका हर्जाना खर्चा दिलवा दिया गया आखिरकार इस प्रकार की अवैध वसूली मारपीट गुंडागर्दी पुलिस एवं प्रभारी की मिली भगत से कब तक चलती रहेगी अब सिर्फ देखना यह है।